# मध्यप्रदेश शासन

## तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग
## कौशल विकास संचालनालय म.प्र.

## (मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड, भोपाल)

### म. प्र. की समस्त आईटीआई में सत्र 2023 में ऑनलाईन प्रवेश हेतु

# पंजीकरण (Registration)के लिए ट्यूटोरियल


# महत्वपूर्ण निर्देश

- पंजीकरण से पहले कृपया विवर्णिका 2023 के महत्वपूर्ण निर्देश पढ़ें।
- पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू करने से पहले अपने समस्त प्रमाणपत्र अपने साथ रखें तथा प्रमाणपत्र के अनुसार ही अपना विवरण भरें।
- एक मोबाइल नंबर या EMAIL ID से एक बार ही रजिस्ट्रेशन होगा ।
- पंजीकरण पूरा करने के बाद अपना पंजीकरण संख्या नोट कर लें तथा पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें।
- अपनी श्रेणी तथा उप श्रेणी का चयन अपने प्रमाणपत्र के अनुसार ही करें ।
- फोटो सफेद बैकग्राउंड के साथ रंगीन होनी चाहिए तथा स्कैन की गई छवि की फाइल का आकार 15KB से 100KB के बीच का होना चाहिए ।
- हस्ताक्षर श्वेत पत्र में काले स्केच पेन से होना चाहिए तथा स्कैन की गई छवि का आकार 50KB से अधिक नहीं होना चाहिए।
- फोटो एवं हस्ताक्षर केवल जेपीजी/जेपीईजी फाइल प्रारूप में अपलोड करें।
- पंजीकरण पेज पर "ट्रेड सिलेक्शन क्लास" का चयन ध्यानपूर्वक करें । अगर आप "8वीं के आधार पर" विकल्प का चयन करते हैं तो आप केवल 8वीं कक्षा के लिए उपयुक्त ट्रेड का चयन कर पाएंगे । अगर आप "10वीं के आधार पर" विकल्प का चयन करते हैं तो आप केवल 10वीं कक्षा के लिए उपयुक्त ट्रेड का चयन कर पाएंगे । अगर आप "8वीं और 10वीं दोनों के आधार पर" विकल्प का चयन करते हैं तो आप 8वीं और 10वीं दोनों कक्षा के लिए उपयुक्त ट्रेड का चयन कर पाएंगे ।


मध्यप्रदेश स्थित समस्त आईटीआई में संचालित एनसीवीटी/एससीवीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अभ्यार्थी को कौशल विकास संचालनालय/ मध्य प्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड की वेबसाइट https://www.dsd.mp.gov.in/ पर जाना है। प्रवेश टैब के अंतर्गत प्रवेश-रजिस्ट्रेशन-2023 पर क्लिक करना है ।



प्रवेश-रजिस्ट्रेशन-2023 क्लिक करने पर होम पेज खुलेगा जहां अभ्यार्थी को “रजिस्टर करें” बटन पर क्लिक करना है ।




**“रजिस्टर करें” बटन पर क्लिक करने पर रजिस्ट्रेशन पेज खुलेगा जहां अभ्यार्थी को 10वीं की अंकसूची अनुसार अपना नाम, अपने पिता का नाम और अपनी माता का नाम दर्ज करना है। उसके बाद अपनी जन्म की तारीख दिए गए कैलेंडर से चुनना है। फिर अपना मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी दिए गए बॉक्स में दर्ज कर "ओटीपी भेजें" बटन पर क्लिक करना है। ओटीपी आपके मोबाइल और ईमेल पर प्राप्त हो जायेगा जिसे दिए गए बॉक्स में दर्ज कर "सबमिट" बटन पर क्लिक करना है।**





**यहाँ क्लिक करें**


पंजीकरण पेज के "सबमिट" बटन पर क्लिक करने पर आपको सूचना प्राप्त होगी, जिसमें आपको बताया जाएगा की आपका पंजीकरण सफलतापूर्वक कर लिया गया है साथ ही आपका पंजीकरण संख्या और पासवर्ड दर्शाया जाएगा । आपको अपना पंजीकरण संख्या और पासवर्ड नोट कर लेना है । इसी पंजीकरण संख्या और पासवर्ड से आप भविष्य में लॉगिन कर आगे की प्रक्रिया कर पाएंगे । आपका पंजीकरण संख्या और पासवर्ड आपको ईमेल और SMS के माध्यम से भी प्राप्त होगा । समस्त जानकारी ध्यानपूर्वक पढ़ कर "पुष्टि करें" बटन पर क्लिक करना है ।




पंजीकरण पेज के "पुष्टि करें" बटन पर क्लिक करने पर डैशबोर्ड पेज खुल जाएगा जहां पर आपको "पंजीकरण पूरा करें" बटन पर क्लिक करना है ।



"पंजीकरण पूरा करें" बटन पर क्लिक करने पर एक नया पेज खुलेगा जहां अन्य विवरण भरना है ।




**समस्त अनिवार्य “अन्य विवरण” भरने के बाद "डेटा सुरक्षित करें" बटन पर क्लिक करना है ।**





**यहाँ क्लिक करें**


"डेटा सुरक्षित करें" बटन पर क्लिक करने पर आपसे पुष्टि करने को कहा जाएगा जहाँ "**YES**" बटन पर क्लिक करना है ।



**“YES” बटन पर क्लिक करने पर पंजीकरण पूरा हो जाएगा और डैशबोर्ड पेज दोबारा खुल जाएगा। अब आपको अगले चरण में शैक्षणिक योग्यता दर्ज करना है, इसके लिए आपको डैशबोर्ड पेज पर "शैक्षणिक योग्यता" बटन पर क्लिक करना पड़ेगा।**




"रजिस्ट्रेशन पेज पर चुने गए उच्चतम योग्यता के अनुसार समस्त जानकारी भर कर "सेव करें" बटन पर क्लिक करना है ।




यहाँ क्लिक करें

"सेव करें" बटन पर क्लिक करने पर शैक्षणिक योग्यता दर्ज करने का कार्य पूरा हो जाएगा और डैशबोर्ड पेज दोबारा खुल जाएगा । अब आपको अगले चरण में अपना फोटो अपलोड करना है, इसके लिए आपको डैशबोर्ड पेज पर "फोटो अपलोड" बटन पर क्लिक करना है ।



"फोटो अपलोड" बटन पर क्लिक करने पर एक नया पेज खुलेगा जिसमे दिए गए निर्देश के अनुसार "अपलोड फोटो" बटन पर क्लिक कर के अपना फोटो और हस्ताक्षर का चयन करना है और फिर "फोटो अपलोड करें" बटन पर क्लिक करना है ।


फोटो का चयन करने के लिए यहाँ क्लिक करें





हस्ताक्षर का चयन करने के लिए यहाँ क्लिक करें

अपलोड करने के लिए यहाँ क्लिक करें

"फोटो अपलोड करें" बटन पर क्लिक करने के बाद आपका फोटो अपलोड हो जायेगा और आप पेमेंट पेज पर चले जायेंगे जहां पर आपको घोषणा चेक बॉक्स पर टिक कर के "भुगतान के लिए आगे बढ़ें" बटन पर क्लिक करना है ।




"भुगतान के लिए आगे बढ़ें" बटन पर क्लिक करते ही आप पेमेंट गेटवे पेज पर चले जायेंगे जहां पर आपको अपने सुविधा के अनुसार क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग या UPI विकल्प का चयन कर टर्म एंड कंडीशन चेक बॉक्स पर टिक करना है और "Payment Now" बटन पर क्लिक कर भुगतान की प्रक्रिया को पूरा करना है ।




यहाँ क्लिक करें

**भुगतान की प्रक्रिया पूरा होते ही आप अपने डैशबोर्ड पेज पर चले जायेंगे और "आवेदन पत्र प्रिंट करें" बटन पर क्लिक कर अपने आवदेन पत्र का प्रिंट ले सकते हैं ।**



# ----धन्यवाद----

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें :-**

**फोन नं. :** **+91** 9171257462
**+91** 9174457462
**+91** 9111749057

**EMAIL ID : mpiticounseling@gmail.com**